# नाचे रे अघोरी | By Master Pancham

ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय
ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय

नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
शिव को मना रहे जयकारे लगा रहे
बोल रहे ज़ोरो से बम बम बम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम

कोई पुकारे शिव त्रिपुरारी
कोई पुकारे शिव भंडारी
कोई डमरू धारी बोले
कोई गंगाधारी बोले
राख उड़ा रहे भस्म उड़ा रहे
डमरू बजा रहे डम डम डम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम

शीश जटा की लट बिखराये
सारे तन पर भस्म लगाए
मन में बसा के शिव की मूरत
कर रहे मन के पूर्ण मनोरथ
रगड़ा लगा के सुल्फा जला के
मारे चिलम में दम पे दम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम

शिवलिंग पर कोई फूल चढ़ाये
गंगाजल से कोई नेहलाये
कोई चढ़ाये आंक धतूरा
कोई चढ़ाये भांग का चूरा
कहता अनाड़ी शिव भंडारी
साथ निभाते कदम कदम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम
नाचे रे अघोरी नाचे छम छम छम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%98%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-master-pancham/